दिनांक 1 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सीएम माननीय श्री भूपेश बघेल जी करेंगे 4 करोड़ 75 लाख के विकास कार्य का लोकार्पण , महापौर की पहल से बापूनगर तालाब सौंदर्यीकरण और श्रीराम चौक ग्राउंड (अंडा चौक) का किया जीर्णोंधार

भिलाई। नगर निगम भिलाई द्वारा 2 दिसंबर को लोकार्पण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि सीएम मा. श्री भूपेश बघेल जी होंगे। सीएम श्री बघेल जी के करकमलो द्वारा 2 दिसंबर की शाम 5.25 बजे नगर निगम भिलाई के वार्ड क्रमांक 29 बापूनगर तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 34 श्रीराम चौक (अंडा चौक) ग्राउंड में हाई मास्क एवं मूलभूत विकास कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। 4 करोड़ 75 लाख की लागत से महापौर व भिलाई नगर विधायक श्री यादव द्वारा कराए गए विकास कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में महापौर परिषद के सभी सदस्य , समस्त एल्डरमेन एवं समस्त सम्मानीय पार्षदगण सहित क्षेत्र के नागरिक शामिल होंगे। गौरतलब है कि भिलाई के युवा महापौर श्री देवेंद्र यादव की पहल से खुर्सीपार क्षेत्र की जनता की वर्षों पूरानी मांगों को पूरा करते हुए वार्ड क्रमांक 29 बापूनगर तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य किया गया है। साथ ही खुर्सीपार क्षेत्र के खिलाड़ियों के हित और बेहरत भविष्य को देखते हुए महापौर श्री यादव ने श्री राम चौक मैदान में हाई मास्क एवं मूलभूत विकास कार्य कराया है। ताकि क्षेत्र के खिलाड़ियों को अभ्यास करने के लिए टाउन शिप के मैदान तक जाने की आवश्यकता न पड़े। खिलाड़ियों को उन्हीं के क्षेत्र में बेहतर अभ्यास के लिए मैदान मिल सकेगा। क्षेत्र के खिलाड़ी लंबे समय से मांग कर रहे थे ,

जनसंपर्क अधिकारी